# अगर मानव को योगी बनना है तो ?

ब्रह्मविध्वरिष्ठ तटवर्ति राज्यलक्ष्मी

# अगर मानव को योगी बनना है तो ?

लेखक : ब्र्ह्मविध्वरिष्ठ तटवर्ति राज्यलक्ष्मी

हिन्दी अनुवादः श्री नागेश्वराव


For Books Please Contact :
TATAVARTHY VEERA RAGHAVARAO
Tatavarthivari Street, BHIMAVARAM-534201.
W.G.Dist., A.P. Ph: 94403 09812


Rs.60/-

# सूची


1. अगर मानव को योगी बनना है तो ? ....................................3

2. भगवान को जानने के रास्ते में अवरोधों।................................ 12

3. मनस क्या है? ......................................................... 18

4. अगर मनस का शुद्धीकरण होना है तो? ................................ 22

5. मनस में परिवर्तन। ................................................... 27

6. मनस को चंचल अवस्था से निर्मल अवस्था में पहुंचना है तो? ....... 30

7. अगर आत्मा ज्ञान प्राप्त करना है तो?.................................... 36

8. ध्यान में उन्नति प्राप्त करने के लिए पांच विषयों । .................... 40

9. मनस का चार स्थितियां। ............................................. 41



For Books Please Contact :

**TATAVARTHY VEERA RAGHAVARAO**

Tatavarthivari Street, BHIMAVARAM-534201.

W.G.Dist., A.P. Ph: 94403 09812

# अगर मानव को योगी बनना है तो ?

ज्ञान मार्ग में आने से ही योगी नहीं बन जाते हैं। इसलिए आत्मा ज्ञानी बनने के लिए क्या करना चाहिए, अभी जानेंगे।

बहुत लोग कहते हैं कि हम बहुत दिनों से ध्यान कर रहे हैं, लेकिन हमें आत्मा दर्शन नहीं हुआ है, अलग-अलग अनुभव नहीं पाए हैं, जीवन, ध्यान से पहले जैसा था वैसा ही है।

याद कीजिए कि गुरु का बोध किया साधना में कुछ कमी नहीं है, परमात्मा का ज्ञान सुनने में कमी नहीं है, लेकिन बाहरी प्रवर्तन, अगर उस में कुछ कमी है, तब जो पाना है वह नहीं पाएंगे।

इसलिए हमारे गलतियों को सुधारना चाहिए। बहुत लोग सामने वालों का गलतियां देखकर विमर्श करते हैं। लेकिन अपनी गलतियों को नहीं ठीक करेंगे तो आत्मा ज्ञान नहीं पाएंगे। योगी नहीं बनेंगे।

इसलिए जो भी ध्यान मार्ग में हैं वह दूसरों के गलतियों नहीं, अपनी गलतियों को देखना चाहिए, प्रवर्तन में बदलाव लाना चाहिए। तभी आध्यात्मिकता में बढ़ेंगे और उन्नति प्राप्त करेंगे। क्योंकि ? सामने वालों के गलतियों को विमर्श नहीं करना, ऐसे गलतियों खुद नहीं करना चाहिए, और साथ में दूसरे लोगों के अच्छे कर्मों को भी हमें सीखना चाहिए। इतना ही नहीं यह जानना है कि मानव जन्म भगवान को पानी के लिए ही है।

पशु जीवन से मानव जन्म पाया है, क्योंकि पशुपति बनकर, परमात्मा बनने के लिए। लेकिन यह सब ना जानकर गड़बड़ जीवन जीते हैं। जब अपना जीवन में एक सद्गुरु आता है, तब उनका जीवन विधान बदल जाता है। प्रापंचिक जीवन में रहने वाले आध्यात्मिक जीवन में आते हैं। सत्य और धर्म जानते हैं और सब कुछ सीखते हैं ।

अभी हम मानव को योगी कैसे बनेगा, जानते हैं। खासकर ......

**1.अपरा विद्या के साथ, परा विद्या भी अभ्यास करना चाहिए :**

विद्या दो प्रकार के हैं।

1) अपरा विद्या । 2) परा विद्या ।

अपरा विद्या मतलब प्रापंचिक विद्या है। परा विद्या मतलब परमात्मा के बारे में जानने वाला विद्या है।

बहुत लोग प्रपंचिक विद्या जानकर अपने को बहुत महान समझते हैं। अपरा विद्या अहंकार बढ़ाता है। लेकिन परा विद्या से परमात्मा का तत्व और परमात्मा के बारे में ज्ञान प्राप्त करते हैं। इस परा विद्या से विनम्रता और विवेक बढ़ता है।

अपरा विद्या वाले सोचते हैं कि सब कुछ वह खुद करते हैं, लेकिन परा विद्या वाले जानते हैं कि परमात्मा ही उनसे करवा रहा है। इतना ही नहीं मुझे करने का मौका भी दे रहा है। और जब परमात्मा के बारे में जानते हैं, तब इस सृष्टि के बारे में समझ आता है।

उतना ही नहीं परा विद्या से जानते हैं कि यह दिखने वाले सृष्टि ही नहीं है, नहीं दिखने वाले करोड़ों लोक भी है। और इस सृष्टि में 84 लाखों प्रकार के जीव राशियों है और उनके जीने का जरूरतों भी परमात्मा ने सृजन किया है। यह भी समझते हैं।

अगर यह सब जानना है? तब प्रपंचिक विद्या के साथ-साथ आध्यात्मिक विद्या भी सीखना चाहिए। यह सब जानने से ही ज्ञान बढ़ाते हैं। इसलिए अपरा विद्या के साथ-साथ, जो परा विद्या भी अध्ययन करता है वही योगी बन सकता है। यह जानना चाहिए ।

**2.प्रेयो मार्ग से, श्रेयो मार्ग ही महान है, यह जानना है :**

प्रेयो मार्ग इस दुनिया के संबंधित मार्ग है। इस मार्ग में रहने वाले प्रपंच विषयों को प्रमुखता देता है, खासकर दिखने वाले चीजों को प्रमुखता देते हैं। इस मार्ग वाले मैं शरीर हूँ समझकर परिवार वालों को, बच्चों को, सुख को, और

संतोष रहने को, इनके लिए कष्ट करते हैं। पैसे कमाते हैं, और पैसे को ही महान समझते हैं। सारे प्रपंच के वस्तुओं को प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करते हैं, पदों के लिए, प्रशंसा के लिए, अवार्ड पाने के लिए प्रयत्न करते हैं। सबसे महान बनने का प्रयत्न करते हैं। पूरी जीवन इसी के लिए जीते हैं ।

इस प्रेयो मार्ग वाले संबंधों के गुलाम होकर, कर्मों को बढ़ाकर जन्मों को बढ़ाते हैं। लेकिन इस प्रेयो मार्ग में से श्रेयो मार्ग ही उत्तम है, महान हैं। श्रेयो मार्ग मतलब आध्यात्मिक मार्ग है, मतलब आत्मा संबंधित है और भगवान संबंधित है।

जो भी परमात्मा के बारे में जानकर, परमात्मा के लिए प्रयत्न करता है, परमात्मा के लिए ही साधना करते हैं वह सब श्रेयो मार्ग में रहने वाले हैं।

प्रेयो मार्ग बंधनों मे रखता है, लेकिन श्रेयो मार्ग बंधनों से मुक्ति दिलाता है। इसीलिए श्रेयो मार्ग वाले योगी बनते हैं ।

**3. सुख और दुख में समभाव दिखाता है :**

क्योंकि इस परा विद्या वाले, श्रेयो मार्ग के बारे में नहीं जानेंगे, और उनके बारे में अध्ययन नहीं करेंगे तो, कहते हैं कि पता नहीं मैं कितना ज्यादा पूजा किया हूँ फिर भी भगवान मुझे दुख ही दिया करके उनको निंदा करते हैं। लेकिन इस श्रेयो मार्ग में रहने पर, आप जानेंगे कि आपका अज्ञानता में किया हुए कर्म का फल ही है।

उन कर्मों को मिटाने के लिए ही मैं जन्म लिया हूँ, और साधना कर रहा हूँ, यह जानेंगे। इसलिए जब दुख है, या बाधा है, या संतोष है, समभाव में रह सकते हो। जितना ज्यादा आध्यात्मिकता मे बढ़ते हो, उतना ज्यादा दुखों को सहनने का शक्ति बढ़ती है।

लेकिन यह दुख को सहनने की शक्ति सिर्फ ध्यान साधना करने से और आध्यात्मिकता बढ़ने से ही होता है। ध्यान साधना ही सहनशीलता सिखाता है। ध्यान साधना ही ज्ञान सिखाता है। आप जानेंगे कि साधना ही सहनशीलता और

शांति देती है।

ऐसे योगी ही सुख और दुख को समभाव  से स्वीकारता है।

**4. अरिशठवर्गो (छे विकारों) को नियंत्रण में रखना चाहिएः**

कहते हैं कि अरशठवर्गों को छोड़ना चाहिए, लेकिन छोड़ना नहीं, उन्हें नियंत्रण में रखना चाहिए। जब जानेंगे कि परमात्मा ने किस लिए दिए हैं, तब वाक को लोभी जैसे उपयोग करेंगे, समय को बर्बाद नहीं करेंगे। और आत्म ज्ञान प्राप्त करने को इन अरिशठ वर्गो को इस्तेमाल करते हैं।

इसलिए  जानना है कि अरिशठ वर्गों को दूसरे के ऊपर इस्तमाल नहीं करते हैं, आपने अपने को योगी बनने को उपयोग करना चाहिए। इसलिए वह अपनी नियंत्रण में रखना हैं  ।

## अरिशठवर्गो को कैसे उपयोग करना चाहिए?

**इच्छाः** योगत्व को पाने का इच्छुक, योगी बनने का इच्छुक होना चाहिए।

**क्रोधः** दूसरों पर नहीं, योग का अवरोध आपका आलसी तत्व पर  होना चाहिए।

**लोभः** बात करने पर बहुत शक्ति खर्च होती है, बातों कम करना चाहिए।

**ईर्ष्याः** दूसरों के धन और पदों पर नहीं, दूसरों के साधना और प्राप्त किया हुआ ज्ञान पर जलन होना, तब आप भी बढ़ेंगे।

इस तरह अरिशठवर्गो को उपयोग करना चाहिए।

**5.परहित को चाहना हैः**

हर वक्त दूसरों का हित चाहना है। दूसरों मतलब सिर्फ मनुष्य ही नहीं, सृष्टि में सारे जीवों को हित चाहना है। सिर्फ बाजू वाला ही नहीं पूरे के पूरे जीवन का हित चाहना है। वही परहित चाहने वाला होगा। पत्री जी पूरा जीवन ही दूसरे जीवों के लिए ही काम किया है।

इसलिए इसी तरह अगर जीवो का हित नहीं चाहेंगे तो मानव ही रह जाएगा।

पत्री जी ने ना केवल मानव का, बल्कि हर एक जीव का भी स्वतंत्र और स्वेच्छ पूर्वक जीने का चाहा। खुद ही नहीं, हम सब को भी ऐसे ही बनाया है। अगर आज सबको हम शाकाहार और जीव हिंसा के बारे में बता रहे हैं तो उसी का प्रेरणा है। ऐसे चाहने वाला ही योगी बन सकता है।

**6. प्रापंचिक इच्छाएं, जरूरतों तक सीमित रहना चाहिए ।**

अभी पृथ्वी पर मानव लोग सभी को प्रपंचिक इछाएं ज्यादा होते हैं। जरुरतों से ऊपर मतलब, वह ज्यादा कह सकते हैं।

जरुरतों को पूरा करना गलत नहीं है, लेकिन जरुरतों से ज्यादा होना गलत है। मनुष्य को जरूरतों के ऊपर जितना ज्यादा हैं, उतना पतन हो जाएगा।

हर समय सिर्फ इच्छाओं के बारे में ही सोचना, उस के लिए प्रयत्न करते हुए, आध्यात्मिक जीवन के लिए समय काफी नहीं है करके, आध्यात्मिक जीवन से दूर हो जाता है। आजकल दुनिया में जितना ज्यादा महानता पैसे को देता है, उतना महत्व भगवान को नहीं दे रहा है। भगवान को सिर्फ अपने इच्छाओं पूरे करने के लिए इस्तेमाल कर रहा है।

जब प्रपंचिक जीवन में संतुष्टि होगी तभी आध्यात्मिक जीवन में ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए जितना ज्यादा प्रापंचिक इच्छाएं होते हैं, उतना ज्यादा पतन हो जाता है और योगी नहीं बन पाता, यही कहा गया है ।

**7. भोग का जीवन नहीं, योग का जीवन जीना चाहिए:**

भोग का जीवन जीने से योगी नहीं बनेंगे। अब जो कुछ भी करना है योग का जीवन से ही कर पाएंगे।

ऐसे त्याग पूर्वक बुद्धि से, बिना स्वार्थ से, योग का जीवन जीना है। दुनिया में जितने भी भोगों अनुभव करते हो, सिर्फ योग होने से ही जो काम सोचते हैं वह कर पाएंगे।

इसलिए श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को योगी बनने को कहा।

चिवटम अम्मा भी कहती है कि '**बिना योग वाला जीवन, पूरी गलत**

**है’।**

मानव लोग के पास जितना भी पैसे हो, सभी प्राप्त नहीं कर पाते हैं, लेकिन पैसे हो या ना हो, योग होने से वह हासिल कर सकते हैं। देखिए जनक महाराज को कितना भोगों हुए, वह चक्रवर्ती हैं। वह इतना महान योगी है। सुख महाराज को ही ज्ञान बोध किया है मतलब कितना महान है जानिए।

इसलिए सबको ना केवल भोग का जीवन ही नहीं, योग का जीवन भी मुख्य है, यह जानना है। उस योग जीवन होने से ही योगी बन सकता है ।

**8. अक्रम चीजों को अपेक्षा नहीं करना चाहिएः**

अक्रम मतलब जो हमारा नहीं है, अपन से संबंध नहीं चीजों को अपेक्षा नहीं करना चाहिए। उनको लेने के लिए आपके हाथों आगे फैलना नहीं चाहिए, पीछे ही रहना चाहिए। मतलब अक्रम चीजों को कभी अपेक्षा नहीं करना चाहिए। अगर अपेक्षा करेंगे तो आप योगी नहीं हैं। इसलिए पतंजलि महर्षि, अपने योग शास्त्र में योगी को अपरिग्रहण, अस्तेयम, यह दोनों नहीं होने को कहा है।

योग साधना में बहुत बड़ा अवरोध है, इसलिए योगी बनना है तो कभी भी अक्रम चीजों को अपेक्षा नहीं करना चाहिए। जो आपका है वह आपके पास ही आएगा, अक्रम तरीके से और अन्याय तरीके से वह कमाना या प्राप्त करना को भी कभी मत अपेक्षा नहीं रखना चाहिए। यह पूरी सृष्टि परमात्मा का ही है का याद रखना चाहिए।

हम जब ध्यान जीवन में आते हैं गुरु हमें बताते हैं, ईषावाश्या उपनिषद में क्या कहता है, यह सृष्टि पूरा परमात्मा का है। अपना किया हुआ पूर्व जन्म का पुण्य कर्मा से ही यह भोग को प्राप्त करते हैं। मतलब सिर्फ अनुभव करने के लिए ही हक है। लेकिन अपना समझकर यहां से कुछ भी नहीं लेकर जा पायेंगे।

विचित्र की बात है कि जो नहीं लेकर जा सकते हैं उसी पर ममकर होता है और जो लेकर जा सकते हैं उस पर ध्यास नहीं होता है ।

इस योग मार्ग में आया है मतलब पूर्व जन्मों का प्रतिफल ही है! इसलिए पत्री जी जैसे सद्गुरु मिला और योग का अध्ययन कर पा रहे हैं। वही आप साथ में लेकर जाने वाले संपत्ति है । जब यह समझ आएगा तब जो भी धन संपत्ति है उन्हें त्याग पूर्वक बुद्धि से अनुभव करते हैं। इसका मतलब हमारे जरूरतों के बाद दूसरों के हित के लिए उपयोग करते हैं, सिर्फ खुद ही अनुभव करना, वह स्वार्थ बुद्धि होती है। सबको बांटने को जब सोचते हो तभी त्याग पूर्वक बुद्धि है। वही लोग योगी बनने का अर्हत हैं ।

**9. परोपकार पुण्य है, परपीड़न पाप है, यह जानना है :**

अगर योगी बनना है तब परोपकार करना है। परोपकार को पुण्य कहते हैं। परोपकार मतलब परलोक में रहने वाले आत्मा को उपकार करना ही पुण्य हैं। यह बड़ों ने कहा है।

पर पीड़न मतलब परलोक में रहने वाले आत्मा को नष्ट करना है। मतलब हर एक जीव आत्मा स्वरूप ही है। इसलिए दूसरों को और दूसरे जीवों को हिंसा करना, बाधा करना, पाप है।

जब तक सामने वालों को भगवान नहीं समझते हो तब तक उसे बाधा देते हो। या बातों से, या कर्मों से, या हिंसा, या बाधा देना, यह सब पाप कर्म है।

जैसे गेंद को दीवार पर मारने से वह फिर आपके पास आएगा। वैसा ही कर्म का फल आपके पास आएगा । अगर यह जानेंगे आप योग जीवन में आ चुके हैं।

परोपकार करने का सोच जब आपके ह्यदय में आता है और जब करना शुरु करते हो, तब आपको सहायता मिलता है। अगर आपको योगी बनना है तो परहित और परोपकार आपके सहज गुण होना चाहिए ।

**10. अच्छी धारणा शक्ति होनी चाहिएँ:**

यह योगी के लिए बहुत जरूरी है। धारणा शक्ति का मतलब आप जिस

विषय पर दृष्टि रखते हो उससे हटना नहीं चाहिए। उसी के बारे में सोचना है। उतना एकाग्रता होना चाहिए। तब सामने वाला किस उद्देश्य से बात किया, किस उद्देश्य से काम कर रहा है, यह ग्रहण कर सकते हैं ।

इतना ही नहीं जब आप स्वाध्याय करते हैं तब बहुत विषयों को ग्रहण करते हैं। जब आप सत ग्रंथों पढ़ते हो, भगवान के बारे में विस्तार से जानते हो, जब एकाग्र होकर सीखते हो वह आपके अंदर निक्षिप्त हो जाता है।

इसलिए गुरुओं ने योगी को, शिष्यों को, पहले धारणा शक्ति को बढ़ाने को कहते हैं। पतंजलि योग शास्त्र में भी धारणा कहते हैं। मतलब एकाग्रता होना है, ग्रहण शक्ति होना है। एकाग्रता से ही ग्रहण करने का शक्ति मिलता है।

आध्यात्मिक जीवन में आत्मा के ऊपर दृष्टि रखने से कोई भी विषय ग्रहण कर सकते हैं ।

जब धारणा शक्ति होती है तब गुस्सा नहीं होती और सामने वाले का मनस को ग्रहण कर सकते हैं। यह सब योगी के लक्षण हैं ।

**11. भूमाता जैसे सहनशीलता होना चाहिए :**

क्योंकि योग मार्ग में अपमानों भी होते हैं, तिरस्कार भी होते हैं, निंदायें भी होते है। इतना ही नहीं अच्छा व्यक्ति पर मैल फेंकने का काम दुनिया में होता रहता है। देखिए जो भी योग मार्ग में नहीं है वह सब बाहरी अर्थ ही लेते हैं, लेकिन योग मार्ग वाले समझते हैं कि वैसे होने का कारण कुछ होता है करके, वह साक्षी बनकर देखता रहता है।

इसलिए मान अपमानों में, दुखों में, संतोषी में, विनम्र रहना चाहिए। यह सब योगी का लक्षण है ।

**12. सत्यम, अहिंसा, पवित्रता, सहज लक्षण होना चाहिए :**

**1) सत्यमः** अगर सत्यम में ही रहना है तब पहले जानना चाहिए कि भगवान कौन है । जब आप ही भगवान है का समझ आता है तब आपका प्रवर्तन बदल जाता है।

इसी प्रकार सत्य वाक, सतप्रवर्तन, सत्यमय जीवन तरीके के लक्षणों से, सत्यम बनना चाहिए। सत्यम बनना मतलब भगवान जैसे रहना चाहिए। वह सिर्फ योगी को ही संभव है।

**2) अहिंसा:** बातों से, या कर्मों से, किसी भी जीव को हिंसा कभी नहीं करना चाहिए।

मतलब हम में रजो गुण पराकाष्ट पहुंचने पर हिंसा को प्रेरित करता है। तब आप कभी भी योगी नहीं बन पाएंगे। लेकिन योग जीवन सिर्फ और सिर्फ इसलिए है कि यह जानने के लिए सब परमात्मा के स्वरूप है। परा विद्या इसलिए अवसर है कि यह जानने के लिए सृष्टि पूरा परमात्मा मय है। यह सब श्रेयो मार्ग हैं। अर्थात परमात्मा की तरफ जा रहे हो, इसलिए इस मार्ग में चलना चाहिए।

हिंसा छोड़ना चाहिए। अहिंसा में ही जीना चाहिए। बातों से, या कर्मों से, किसी को बाधा नहीं पहुंचना चाहिए। हर समय अहिंसा में जीना है। केवल जब हिंसा छोड़ेंगे तभी योगी बन सकते हैं।

**3) पवित्रता:** जितना ज्यादा पवित्र जीवन जीते हो, उतना ज्यादा भगवान के पास आते हैं। हर एक विषय में सत्यमय रहेंगे, तब वही पवित्र जीवन है। अगर आप बातों में, कर्म में, सभी में सही रहते हो तब आप पवित्र जीवन जी रहे हो। यह सभी योगी का लक्षण है।

वैसे झूठ बोलना, चोरी करना, व्यभिचार करना, जुआ खेलना, यह सभी अपवित्र जीवन विधान है। तो यह सभी को छोड़कर अच्छा जीवन बिताना है। पवित्र जीवन ही परमात्मा को पहुंचने का एक साधना है। वही योग मार्ग है।

'श्वास पर ध्यास' ध्यान करने से यह सभी सहज लक्षण होंगे, तब योगी बन पाएंगे।

# भगवान को जानने के रास्ते में अवरोधों।

आत्मा का मतलब भगवान, को जानने के लिए पहले हमारे मनस का मैल निकालना चाहिए, क्योंकि जब मनस का मैल नहीं निकलेगा आत्मा को नहीं पाते हैं। मनस का मैल ही मालिन्याओं कहते हैं। यही मालिन्याओं मनस का अवरोधों या प्रतिबंधकायें कहते हैं। अभी वो क्या है? जान लेते हैं ।

**1.अविद्या प्रतिबंधक :-**

प्रतिबंधक का मतलब अवरोध हैं, यह मनस का मैल से आता है। इसी को मालिन्याओं कहते हैं। तब मालिन्याओं कहां से आते है? सबसे पहले, यह सोचना है कि मैं जीव हूँ। यह सोच अविद्या या अज्ञानता का कारण होती है।

अविद्या? का मतलब अपने आप को शरीर समझना। जीव और देव अलग है का समझना। इन कारणों के वजह से पहले भय पैदा होता है।

इस भय के कारण से कुछ भी काम नहीं कर पाते हो, साहस भी नहीं कर पाते हैं। इसका मुख्य कारण मैं शरीर हूँ का समझना। अगर शरीर समझते हो तभी धन पर, पति या पत्नी पर, बच्चों पर, ममकार होता है। वह दूर हो जाएंगे तो, और खुद मर जाएंगे का भय रहता है। जब तक मर नही जाऊं, तब तक कुछ कमिया बिना रह पाऊंगा या नहीं, का भय लगता है। बच्चों का भविष्य के बारे में भय रहता है। ऐसा हर एक विषय में भय होता है। कमाया हुआ संपत्ति के बारे में भय होता है, प्राकृतिक आपदाओं से भय होता है। ऐसे हर एक विषय में भय ही है।

अगर अपने आप को शरीर समझते हो तब ऐसे ही डर होता है। लेकिन जब अपने आप को आत्मा समझते हो, वह भय निकल जाता है। अपने को शक्तिमय समझने से भय नहीं लगता है, लेकिन शक्तिहीन समझेंगे तो भय पैदा होता है।

इन भयों को दूर करने के लिए ध्यान साधना करना चाहिए। कितने घंटे बैठ पा रहे हैं वह मुख्य नहीं हैं लेकिन कितना समय, बिना सोच मतलब मनस काम नहीं कर रही हैं, वह मुख्य बात है। प्रापंचिक विषयों को पूरे इकट्ठा करके एक घंटा ध्यान में बैठने से, अगर 5 मिनट के लिए विचारों से दूर रहते हैं, वह ध्यान नहीं है। प्रापंचिक विषयों को कम करने पर बिना सोचों का स्थिति में ज्यादा बैठ सकते हो। तब साधना भी ज्यादा कर सकते हो।

आध्यात्मिकता में ज्ञान बढ़ाने केलिए सत्संग, सज्जन सांगत्य करना चाहिए, स्वाध्याय करना चाहिए, तभी इस ध्यान मार्ग में बढ़ेंगे।

सत्संग का मतलब सत्य के साथ संगम, मतलब भगवान के साथ रहना, मतलब 'श्वास पर ध्यास' ध्यान करना चाहिए। सज्जन सांगत्य मतलब जो सत्य कहते हैं उनके साथ सांग में रहना। स्वाध्याय मतलब, ज्ञान संबंधित किताबें पढ़ना है।

ऐसे करते करते जैसे कीटक को भ्रमर बन जाता है। जो अपने को मानव समझता था धीरे-धीरे खुद ही भगवान है का समझ आता है। तब उनका भय सारे दूर हो जाते हैं। तब अविधा का प्रतिबंधक को पार करते हैं। जब मनस का यह मैल दूर होती है तब कोई भी काम करने का धैर्य होता है।

इसलिए जानिए की अगर अपने को शरीर समझते हो तब भय होता है। अगर अपने को आत्मा समझते हो, मतलब भगवान, तब धैर्य रहता है। '**अहम ब्र्ह्मास्मि**' का अर्थ जानेंगे ।

**2. प्रज्ञा प्रतिबंधकः-**

इसका मतलब सभी को पहले कुछ अपने अपने राय होते हैं, इनको कोई भी बदल नहीं सकता है। अपने को सब कुछ मालूम है का भाव पाता है। जबकि महान गुरुओं और बड़ों को कहने पर भी वह राय बदलते नहीं हैं ।

मनुष्य का कष्टों, बीमारियों, समस्याओं अपने पूर्व कर्मों पर आधारित होते हैं। अगर कर्मों को निकालना है तो, हमें भगवान मतलब आत्मा का आश्रय

करना है। मतलब ध्यान करना चाहिए, तभी कष्टों, समस्याओं, अनारोग्य से बाहर निकल सकते हैं। उनके लिए पूजा नहीं, ध्यान करना चाहिए बोलने पर कहते हैं कि, पुराने आदतों और आचारों के वजह से छोड़ नहीं पाते हैं।

ऐसे लोग बडों, या महात्माओं, या महर्षियों, सद्गुरु, या कोई भी कहने पर सुनते नहीं है। अपने को ही सब मालूम है का सोच रखते हैं।

कारण यही है कि उनके दादी य दादा ध्यान नहीं किए है। इसलिए अपने को भी जरूरत नहीं समझते हैं। कोई भी कहने पर, कितना भी कहने पर सुनते नहीं है। यही प्रज्ञा प्रतिबंधक का मतलब ?

पिछले जन्मों का ज्ञान जब इस जन्म में याद आता है उसी को प्रज्ञा कहते हैं। जिसको यह प्रज्ञा प्रतिबंधक है, भूत काल में नहीं जाना है तभी अभी आप भगवान है कहने पर, उनको नहीं समझ आता और यकीन नहीं करते हैं। यह प्रज्ञा सभी को नहीं होती है। इसलिए सब लोग ध्यान में नहीं आते हैं। अगर इसको इस प्रज्ञा प्रतिबंधक से निकलना है तो कई जन्मों लगता है, नहीं तो 'श्वास पर ध्यास' ध्यान करने से निकलेंगे ।

**3. असंभवता का प्रतिबंधक :-**

असंभवता का प्रतिबंधक मतलब अपने आप को सब कुछ जानने वाला, का सोच रखते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि, सिर्फ अपने आंखों से देखने पर ही वह यकीन करते हैं नहीं तो नहीं ।

कुछ लोग भगवान पर विश्वास नहीं करते हैं, दिखाने को कहते हैं, उनका क्या सबूत है करके वह पूछते हैं। उन्हें नास्तिक कहते हैं। शिर्डी बाबा अभी सशरीर नहीं है, लेकिन उनका फोटो रखते हैं और उन्हें याद करते हैं। ऐसा ही उनका रहने का सबूत के लिए फोटो या मूर्तियां रखते हैं ।

क्योंकि लोगों को नहीं समझ आते थे कि भगवान हर वक्त और हर जगह है, पिछले युगों का देवी देवताओं का शक्ति अनुसार उनके मूर्तियां बनाएं हैं, आगम अनुसार के हिसाब से।

लेकिन नास्तिक लोग कहते हैं कि वह नहीं देखे हैं, तभी हम मानते नहीं है, लेकिन निराकार रूप भगवान को कैसे दिखाना है? दिखता ही नहीं।

सोचिए ? बिजली को कोई दिखा सकता है क्या? मगर नहीं है क्या? तभी सारे मशीन काम कर रहे हैं। इसी प्रकार भगवान को कोई भी दिखा नहीं सकता है, तब नहीं है क्या? वह है, तभी सारे मानव लोग जीते हैं, नहीं तो सब शव बन जाते हैं ।

मुर्गियां, बकरियां, जब उन्हें काटते हैं, उनके अंदर का आत्मा मतलब भगवान बाहर जब निकलता है तभी वे सढते हैं। इसलिए कहते हैं कि वह हर जीव के अंदर आत्मा रूपी में हैं, यह बड़ों कहते हैं, श्री कृष्ण भगवान भी भागवत गीता में अध्याय 10 और श्लोक 20 मैं स्पष्ट किया है।

जितना भी कहने पर ना मानने वाले मूर्ख लोगों को छोड़ना चाहिए, कहते हैं बड़ों। बुद्धा भगवान भी कहते हैं कि मूर्ख लोगों से बहस करने की गलती नहीं करना है। कारण यही है कि उन लोगों को सत्य जानने केलिए और कई जन्मों लगेंगे, कहते हैं बड़ों ने, इसलिए उन्हें छोड़ना चाहिए। यह लोग दुख में फस जाते हैं। इसी को असंभवता दोष कहते हैं ।

**4. संशयात्मक दोश प्रतिबंधकः-**

संशयात्मक मतलब हर एक विषय पर संदेह होना। इसी संदेह के वजह से साधना पीछे रह जाता है। देखिए जब 'श्वास पर ध्यास' ध्यान करने पर, कुछ लोगों को सालों लग सकता है। हमें कुछ फायदे नहीं आ रहे हैं करके वह निरुत्साह होंगे। ऐसे लोग दूसरे साधना पद्धति पर आकर्षित होते हैं।

पत्रीजी, बुद्ध भगवान, श्री कृष्ण जैसे महान योगीश्वरों को जितना भी बोधों किया है, फिर भी कुछ लोगों में संदेह और संषयों नहीं मिटता है। ऐसे लोगों का उन्नति नहीं होगी।

जब आपको सदगुरु मिलने के बाद आपको एक विषय बताने पर, आपको परमात्मा ने उस गुरु द्वारा बताया है और उसे सत्य को मानकर, बढना

चाहिए। बल्कि हर एक चीज पर संदेहात्मक होते हुए जितना भी साधना करते हैं फल नहीं होगा और प्रगति नहीं होगी।

सृष्टि का परिणाम क्रम में शिला खनिजों में, खनिजों से वृक्षों में, वृक्षों से भूचरों में, भूचरों से पक्षियों में, पक्षियों से जानवरों में, जानवरों से मानवों में परिवर्तन कर कर, इतना नीचे जाति वाली शिला, या लकड़ी से विग्रह बनाकर उसी को भगवान समझ कर, वही आपकी इच्छाओं को पूरा करेंगे, समस्याओं को दूर करेंगे, और मोक्ष देते हैं, का भावना करेंगे तो, सत्यमय भगवान को पाने के लिए ध्यान कैसे करेंगे? कैसे उन्नति प्राप्त होगा? भगवान को कैसे पाएंगे?

जब पूजा बंद करेंगे तो क्या होगा का संदेह रहेंगे तो, भय होने से, आप कुछ भी हासिल नहीं कर सकते हैं।

अगर ऊपर चढ़ना है तो, नीचे वाली सीडी को छोड़ना चाहिए। नास्तिक तत्व से आस्तिक तत्व में आने के लिए, पूजा जरूरी है। लेकिन अगर भगवान को जानना है, तो सत्य मालूम होना है और सत्य का आश्रय करना है।

छोटे बच्चों को जब स्कूल भेजते हैं, तब उन्हें खिलौने और चित्रों वाले किताबें जरूरी है, लेकिन जब यूनिवर्सिटी में M.A., Ph.D., करते हैं, उन्हें ज़रूरी थोड़ी है ?

इसी प्रकार जब तक जीवात्मा ही परमात्मा मालूम नहीं है मूर्तियां जरूरी है, लेकिन '**अहम ब्र्ह्मास्मि**' मैं ही भगवान हूँ, कि समझ में आने के बाद, मूर्तियों और फोटो की जरूरत नहीं है।

जब सदगुरु आपको मिला और कहा कि आप शरीर नहीं है, आप आत्मा हैं, फिर भी आप संषय में रहते हैं तो कभी बढ़ोत्तरी नहीं कर पाएंगे।

इसलिए संषयों नहीं होना चाहिए । और अगर होते हैं तब जो सदगुरु कहेंगे वह आपको उल्टा कुछ और समझते हैं। इन सब संषयों वालों को असत्य को ही सच लगता है। वह लोग भगवान को नहीं पा सकते हैं।

जैसे मृग तृष्णा को देखकर पानी समझना। वैसी रस्सी को देखकर सांप

समझना। लकडी का लट्ठा को देखकर चोर समझना। सभी भ्रम हैं, सब संषयों है।

यह सब संषयों नहीं होने वाला, भगवान के प्रति रूप में एक सद्गुरु आएगा, का मालूम रहता है। उनका कहा हुआ सत्य और ज्ञान को आचरण में लाकर, भगवान को प्राप्त कर सकेंगे, का विश्वास रखकर, त्रिकरण शुद्धि से गुरु का कहा हुआ साधना करते हैं। और भगवान को पाता है।

मुख्यतः मनस का मैल होने से, इन समस्याओं, संषयों, प्रतिबंधकों, साधना में अवरोधों होते हैं। इसीलिए पत्री जी का दिया हुआ 'श्वास पर ध्यास' ध्यान को तीव्रता से करने पर, मनस शुद्ध होगा और मैल दूरी हो जाती, और इन प्रतिबंधकाओं से मुक्त होकर भगवान को पाते हैं।



## ध्यान की विधि सांस पर ध्यान

जिस किसी को जो कोई आरामदायक आसान हो उसमें आराम से बैठकर... दोनों हाथों को जोड़कर... दोनों आंखों को बंद करके... प्राकृतिक रूप से होने वाला सांस लेना और छोड़ने की प्रक्रिया का अवलोकन करना चाहिए!

बीच-बीच में अनेकानेक सोच मन में आते हैं उन्हें वहीं के वहीं कटौती करके... फिर से बार-बार सांस पर ही ध्यान ले जाते रहना चाहिए... धीरे-धीरे निर्विचार की स्थिति मिलती है.... चित्त वृत्तों का निरोध होगा... मन निर्विषय, शून्य हो जाएगा। मन को शांति मिलेगा। यही ध्यान की अवस्था है।

इस निर्विचार अवस्था में होने वाले अनेकानेक शारीरिक, नाड़ी मंडल, आत्मा अनुभवों का अवलोकन करना चाहिए। इस स्थिति में ब्र्मांडीय प्राण शक्ति अत्यधिक मात्रा से शरीर में प्रवेश करके नाड़ी मंडल को शुद्ध करता है। उस ऊर्जा के कारण बीमारियां कम हो जाते हैं। नाड़ी मंडल शुद्ध होने के कारण कर्मों का नाश होते हैं।

हर दिन अपने उम्र के हिसाब से... जितना उम्र हो कम से कम उतने मिनट... जरूर... दिन में दो बार... ध्यान करना चाहिए।

# मनस क्या है?

मनस का मतलब इच्छाएं, संकल्पों का समूह है। मनस का कोई रूप नहीं होता है। महात्माओं कहते हैं कि यह मनस गटर के पानी जैसा ही है। सहज में पानी का कोई रूप नहीं है। पानी जिसमें बहती है उसी का रूप लेती है। जब गटर को खोजते हैं गटर एक जगह चौड़ा होता है और एक जगह कम होता हैं, एक जगह गहरा होता हैं, और जब उनसे पानी जाता है उसी का आकार लेता है।

इस प्रकार मनस का भी कोई रूप नहीं है। जैसे आलोचना करते हैं वैसे ही रूप लेती है। अगर हिंसा पूर्वक सोच रखते हैं तब राक्षस बनते हैं। अगर दुष्ट सोच रखते हैं तब दुष्ट बनते हैं। अगर स्वार्थ सोच रखते हैं तब बेईमानी होता है। अगर अच्छे-अच्छे सोच सकते  हैं तब आप अच्छा इंसान होते हैं। इस मनस को जैसे उपयोग करेंगे वैसे ही उपयोगी होगा। उदाहरण के लिए अग्नि खाना पकाने के लिए और गर्मी भी रखने के लिए को भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसी प्रकार चाकू भी सब्जियों और फलों को काट सकते हैं और किसी को हत्या करने को भी उपयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार मनस को भी जैसे आप उपयोग करेंगे वैसे ही उपयोगी होता है।

योगियां कहते हैं कि जब मनस का शुद्धि होता है तब महात्मा बन जाते हैं। इसी प्रकार अगर मनस को शून्य स्थिति में लाते हैं, तब परमात्मा बनते हैं।

इसलिए जब मनस प्रपंच कि ओर देखने वाला है तब बंधनों मे रहती है। आत्मा की ओर जब मोड़ जाएगी, मनस बंधनों से  मुक्ति पाकर आनंद में रहती है।

इसलिए अपने मनस को  प्रपंच की  ओर रखकर दुखी होगा? या आत्मा की तरफ रखकर आनंद पाएगा? आपका मनस को उपयोग करने पर आधारित है  ।

इसलिए  उपनिषदों में कहा है कि 'मनुष्या नाम मनयेव कारणम बंद मोक्षम'। मतलब आत्मा के तरफ रहने वाला मनस मोक्ष चाहती है, प्रपंच की तरफ वाला मनस बंधन में रहती है। दोनों का कारण मनस ही है।

इसीलिए श्री आदि शंकराचार्य जी कहते हैं कि नित्य अनित्य वस्तु विवेक रहना चाहिए। मतलब भगवान यहां नित्य है और प्रपंच अनित्य है। यह विवेक होना चाहिए। कारण यही है कि अगर आप जानेंगे कि भगवान नित्य है आपका मन उसी तरफ रखेंगे। इसके लिए बुद्धि विकसित होना है। और इसके लिए सात्विक शाकाहार खाना जरूरी है। और 'श्वास पर ध्यास' ध्यान साधना करना है।

मनस का कल्पना ही यह जगत है, महात्माओं कहते हैं। क्योंकि जब जागृत अवस्था  में इस दुनिया को देखकर दुख अनुभव कर रहे हैं।  लेकिन गहरी नींद में यह दुनिया नहीं रहती है। पूरी दुनिया मनस में लय हो गया है।

लेकिन  गहरी नींद में कोई समस्या नहीं है, शरीर अच्छी तरह से सो जाती है। मतलब यही अवस्था में जो गहरी नींद में जो हाय या सुख मिलती है, वही आपको ध्यान में आना चाहिए।  गहरी नींद में, पूरा प्रपंच मनस मे   लय हो जाता है। इसलिए इतना सुखी होती है। इसी प्रकार ध्यान में इस मनस को आत्मा में लय होना चाहिए।

श्री रमण भगवान भी कहा है कि, 'मनस को आत्मा में लय करना चाहिए'।

मनस प्रपंच के कारण बना है। इसलिए मनस में इस प्रपंच संबंधित आलोचनायें  के लहरों आते रहते हैं। जबकि आलोचनाएं आते हैं, अगर आप बैठकर श्वास पर ध्यान रखेंगे, तो धीरे से वह रुक जाते हैं। ऐसे हर रोज करने पर किसी ना एक दिन आपका मनस बाहर घूमना बंद करती है और आत्मा के तरफ, घूमती है । ऐसे  तीव्रता से ध्यान करने पर धीरे से मनस आत्मा में लय होती है। तब मनस शून्य होकर आत्मा ही रह जाती है। यही श्री रमण भगवान का कहने का सारांश है।

गहरी नींद में कितना सुख पाते हो! उसी स्थिति को, जब आत्मा मे लय होने पर शाश्वत का ब्रह्मानंद स्थिति में रहेंगे, योगियों कहते हैं।

बीते हुए दुखी संगठनों को सोचते हुए हमें दुख देने वाला मनस ही हैं। हमें ब्रह्मानंद स्थिति भी मनस ही देगी। इसलिए जब आप किसी भी विषय को सोचते हो शुभ और अशुभ संस्कारों होते हैं, का समज होना चाहिए। इन्हीं के आधार आपका बुद्धि होती है। इनही संस्कारों, वासनाएं बनते हैं, फिर से यह शुभ और अशुभ वासनाएं बनते हैं।

अशुभ वासनाएं तीन प्रकार के होते हैं।

1) देह वासन, 2) लोक वासन, 3) शास्त्र वासन। यही हमें नीचे खींचते रहते हैं।

**1) देह वासनः-**

यह देह वासन रहने वाले शरीर को सुंदर और स्वास्थ्य रखने के लिए बहुत सारे एक्सरसाइज, जिम और ब्यूटी पार्लर के ऊपर ही दृष्टि रखते हैं। पूरा जीवन इस नाश होने वाले शरीर पर ही दृष्टि रखते हैं। लेकिन अविनाशी आत्मा के ऊपर, मतलब भगवान के बारे में सोचते नहीं हैं। यही एक साधक को नहीं होना चाहिए।

**2) लोक वासनः-**

कीर्ति, नाम कमाना, अधिकार के लिए, पदों के लिए, दौड़ते हैं। और सब लोग उन्हें प्रशंसा करना चाहिए, उनके बारे में महान कहना है, यह सोच रखते हैं। ऐसे सारी बातें लोक वासन कहते हैं। यह भी बुरा ही करते है।

**3) शास्त्र वासनः-**

बहुत सारे शास्त्रों को पढ़कर, और सबको जब बताते हैं अगर वह लोग उन्हें प्रशंसा करते हैं तब उन्हें अहंकार बढ़ता है। इसका कारण यही है कि शास्त्रों को पढ़ा है, लेकिन उनका अर्थ नहीं सीखे हैं, तभी उनमें विनम्रता नहीं आया है और अहंकार नहीं गया।

इन तीन वासनाएं से एक साधक को भवरोग आती है। मतलब कीर्ति, महानता, धन, सुंदरता, यह सब पाने चाहते हैं। जब वह चले जाते हैं उन्हें दुख होती है। भवरोग को मनस ही लाता है और उनको मिटाने वाला ही मनस ही है। यह जानना चाहिए।

मनस जब बाहर की तरफ रहती है तब भवरोग आता है। लेकिन जब भगवान की तरफ रहती है, तब भवरोग को मिटाती है। इस प्रकार जब लोक वासनाओं हमारी भवरोगों को बढ़ाते हैं, जब यही भगवान की तरफ मोडते हैं वही शुभ वासनाओं में हो जाएंगे।

जब भी आप आत्मा की तरफ मोड़ते हैं, आपका सारे अशुभ वासनाओं धीरे से शुभ वासनाओं बनेंगे। 'शुभ वासनाओं'.... मतलब ध्यान करना, आत्मज्ञान को बढ़ाना, ध्यानियों को सहकार करना, सेवा करना, सात्विक शाकाहार लेना, धार्मिक न्यायिक आहार लेते हैं। सात्विक आहार खाने से शरीर स्वास्थ्य रहेगा। और सही मनस बनेगा।


## Information available on Tatavarthy's website:

***Website address: www.tst.org.in***

a) Details of programs conducted under the guidance of Mr. and Mrs. Tatavarthy and Google Maps location are available.

b) All books by Mr. and Mrs. Tatavarthy are available in PDF format for free download in Telugu, Kannada, Hindi, and English languages.

c) All the messages of Mr. and Mrs. Tatvarthy are organized in concept-wise YouTube playlists.

d) Summaries of Mr. and Mrs. Tatavarthy's messages are provided in the form of quotations.

e) The gallery of Mr. and Mrs. Tatavarthy is also available.

For registration of a 3 day free meditation and soul-knowledge training classes held in Bhimavaram on the 1st, 2nd, and 3rd of every month, contact Sindhura, 8555995217.

# अगर मनस का शुद्धीकरण होना है तो?

मानव मतलब शरीर, मनस और आत्मा का मिलावट है। मानव को आत्मा जानने के लिए यह मनस ही अवरोध है। इस मनस को अभी तक दुनिया की ओर मोड़ा है। अब से आत्मा की और मोडना चाहिए। लेकिन जब तक मनस को थोड़ा सा भी प्रपंचिक वासनायें रहेगा, जितना भी आत्मा की तरफ मोड़ ने पर भी, वह दुनिया की तरफ ही चले जाएगी ।

लेकिन यह मनस प्रपंच की तरफ मोड़ना कब बंद करेंगे ? जब वह शुध्दिकरण होगा, तभी वह आत्मा की और जाने का इच्छुक रखती है। जब तक मनस को सत्य मालूम नहीं है, वह असत्य में जीता है। जब सत्य को जानता हैं, वह सत्य की ओर जाना शुरु करता है।

मनस इस असत्य से सत्य में आने के लिए बहुत सारे जन्म ले सकता है। क्योंकि तमो गुण में कुछ संस्कारों, रजो गुण में कुछ संस्कारों को इकट्टा की है। सात्विक गुण में आने के बाद उन संस्कारो और आदतें से मुक्ति पाते हैं। इसलिए जब तक सात्विक गुण में नहीं आता है सत्य का अवगाहन नहीं कर पाते हैं।

सत्य का मतलब भगवान है का मानते है। कहां है? मतलब तमो गुण वाले मंदिर में मूर्तियों को दिखाते हैं, लेकिन सात्विक गुण वाले, सद्गुरु मिलने के बाद, आत्मा ही सत्य है, आत्मा ही भगवान है, वह हर जीव मे, हर जगह है का मालूम होता है। तब से बाहर ढूंढना बंद कर कर अपने अंदर खोजना शुरू करते हैं ।

देखेंगे तो, जब भगवान को बाहर ढूंढते हो उनका गुण, बुध्दि और कैरेक्टर अच्छा नहीं है, यह कह सकते हैं। देखिए एक चोर और एक डाकू, व्यभिचारी मंदिर जाते हैं। क्योंकि वह अपने इच्छाओं को पूरी करने के लिए। लेकिन नहीं सोच पाते हैं कि क्या मैं भगवान को पसंद आ रहा हूँ या नहीं। लेकिन जब आप सात्विक गुण में आते हैं, सद्गुरु का आश्रय करते हैं, उनमें

बहुत सारे बदलाव आती है।

प्रापंचिकता में नियमों को नहीं पालन करते है, जब कि मालूम है, क्योंकि समझते हैं कि कोई मुझे नहीं देख रहे हैं। कोई मुझे कहेगा नहीं। यह बात जब तक सात्विक उनमें नहीं आते उन्हें समझ नहीं आता है। जब समझ आता है कि वह अपनी गलतियों को ठीक करते हैं। आत्मा मतलब भगवान मेरे अपने शरीर में है, का समझ आता है।

मनस इसी प्रपंच में से ही बना है। प्रपंच के सारे विषयों को मिलावट से आलोचनाएं से, संकल्पों से और इच्छाओं से मिलकर एक पदार्थ बना है। उसी को हम मनस कहते हैं।

लेकिन इस प्रपंचिक वासनाओं को एक-एक करके मनस से निकालना ही है! इस शरीर के इंद्रियों से ही इकट्टा किया है।

वह कर्म इंद्रियों या ज्ञान इंद्रियों कोई भी जब प्रपंच में रहता है, वह सारे विषयों को इकट्ठा करता रहता है।

इसलिए अष्टावक्र जी ने कहा कि 'विषय चिंतन विष पीना से भी खतरनाक है'। क्योंकि 'विष एक ही बार मारती है, लेकिन विषयों हर दिन मारते रहते हैं'। इसलिए साधना में पराकाष्ठा पहुंचने के लिए ध्यान करने वाला साधक को पहले विषय चिंतन छोड़ना चाहिए, उससे मनस में शुद्धता पाते हैं।

विषय चिंतन से ही बंधन हो सकता है, अज्ञानता हो सकता, शुद्धता खो सकते हैं। लेकिन मनस को यह शुद्धता 'श्वास पर ध्यास' ध्यान से ही मिलता है। और सात्विक शाकाहार लेने से और जल्दी मनस को शुद्धि कर पाते हैं।

और जितना बड़ा भी दुख हो, जितना कष्ट हो और दुख सागर में होते हैं, 'श्वास पर ध्यास' ध्यान का छोटा सा नाव से उन्हें पार कर सकते हो। यह कहते हैं गुरूजी।

अगर आपका मनस प्रपंच की और मोड़ा हैं तब दुख पाएंगे, लेकिन ध्यान द्वारा आत्मा कि ओर मोडने से दुख से बाहर निकल सकते हैं।

अगर मनस शुद्ध है तब प्रशांति से जीएंगे, और इंद्रियों का शुद्धि होने से निशब्द स्थिति में जाते हैं, और जब देह शुद्धि होने पर निश्चिंत रहेगा।

अगर आप सभी को स्वीकार कर सकेंगे  तो?  और सभी भगवान का निर्णय है का हर वक्त याद रखेंगे तो आपको साधना अच्छी तरह होगा ?

जब तक आप सहनशीलता नहीं दिखाते हो, तब तक आपका मनस शुद्धता में नहीं आया है। अंतःकरण चतुष्टयम का मतलब मनस, बुद्धि,  चित्त, अहंकार जब वह शुद्धि होते हैं, तब आपके अंदर बहुत सारे बदलाव आते हैं। जब अहंकार नियंत्रण में होता है तब आप सब कुछ स्वीकारता   हो। जब बुद्धि विकसित होता है सही निर्णय लेते हो, जब चित्त शुद्ध होगा तब चिंतन, मतलब आलोचनायें कम होगा और निश्चल स्तिथि में रहते हैं। भीती हुई विषयों को भूलते हो।

पत्री जी कहते हैं कि अगर भूतकाल को छोड़ते हो तब भविष्य आपका सुनेहरा होगा  ।

भूतकाल को नहीं छोड़ने पर ही सुनेहरा भविष्य के जगह कष्टों को लाते हैं। जब आप भूतकाल को भूलते हैं तभी आपको भविष्य बहुत अच्छी तरह समझ आता है। तब आप सुनेहरा रास्ता बना सकते हैं।

जब अपने आप को शरीर मानते हैं तब अहंकार बढ़ता है। जब मैं आत्मा हूँ को जानते हो तब अहंकार नहीं होता है। तब आप मे शुद्धता आती है।

हर एक में आत्मा है, लेकिन क्यों अलग प्रवर्तन होता है, मतलब अज्ञानता का एक  परत रहने से होता है। जब उस परत को  निकालेंगे तभी आपको समझ आएगा कि मैं भगवान हूँ।

अज्ञानता  का मतलब माया से भरी हुई प्रपंच को शाश्वत मानना, निर्माया भगवान को नहीं  जानना।  जब माया है तब आपको मूर्ति को ही भगवान समझते हो। और निर्माया वाला आत्मा जबकि शरीर के अंदर है उन्हें

नहीं मानते हो।

हम सभी लोग विश्वास करते हैं तभी हम ध्यान में बैठे हैं। देखिए अगर ऐनक पर धूल रहती है तब आपको सही नहीं दिखेगा। जब साफ करेंगे तब पूरा दिखेगा। इसी प्रकार आत्मा के ऊपर परत रहने वाला मनस के अंदर विषयों से, अज्ञानता का एक परत बन जाता है। इसीलिए आत्मा शुद्धता खोया है।

जब भी आपको इस साधना से, ज्ञान से हम उस अज्ञानता का परत को निकालते हैं, तब आत्मा शुद्धता पाएगा।

जब अज्ञानता छोड़ेंगे मतलब ज्ञान पाया है ना? जब ज्ञान पाते हैं, अज्ञानता गया, आत्मा शुद्ध होता है, तब सहनशीलता, सबर, क्षमता इन गुणों बाहर आते हैं। जब आपके अंदर सहनशीलता नहीं हैं, सबर नहीं है, करुणा नहीं है कुछ भी कष्ट आने पर आप सहन नहीं सकते हैं।

करुणा, दया, सहानुभूति, यह सब आत्मा का गुण ही है। देखिए जब प्रपंच की ओर देखते हैं तब जो भी महान लगते थे, आत्मा की ओर देखने से वह सब महान नहीं है, का समझ आता है।

प्रहलाद जी को जब 5 साल था तभी नरसिंह स्वामी उन्हें दर्शन दिया था। वह रूप क्यों धारण किया है क्योंकि प्रहलाद जी का पिता श्री को एक वरदान मिला था। यह क्या है कि वह ना मनुष्य से, ना जानवर से, ना सुबह को, ना शाम को, ना भूमि पर, ना आकाश में, ना पानी में, मरना नहीं चाहिए।

इसलिए आधा मनुष्य आधा जानवर रूप लिया और ऐसा ही सुबह नहीं, रात नहीं, शाम को नहीं, पृथ्वी पर नहीं, और कहीं नहीं, तब दरवाजा का चौखट पर बैठकर इस रूप धारण कर कर, हिरण्यकश्यप को संहार किया है।

तब नरसिंह स्वामी ने प्रहलाद जी से पूछता है एक वर मांगने के लिए, तब प्रहलाद जी कहते हैं कि 'स्वामी, मुझे विषय चिंतन नहीं हो सकेगा', करके पूछता है।

मेरा चित्त हर वक्त आपके ऊपर रहने को, बिना विषय चिंतन रहने को,

कहा था।

क्योंकि जब विषय चिंतन मनस को आता है, उसके संघ से बंधन होता है, उससे इच्छाओं आते हैं, अगर वह नहीं पाते हैं, तब क्रोधित होते हैं, तब बुद्धि नाश होता है, तब ज्ञान नहीं बढ़ेगा, तब धीरे-धीरे पतन हो जाते हैं। इसलिए प्रहलाद जी ने अपना चित्त को हर वक्त प्रपंच की और नहीं मुड़ने को और केवल स्वामी की ओर रहने को अनुग्रह  करने को पूछता है  ।

देखिए 5 साल का लड़का का इच्छा कितना महान है!  इससे आप जानेंगे की आप जितने में हो, जो भी हो, जैसे भी हो, अगर आपको आत्मा दर्शन, मतलब भगवान का दर्शन चाहिए, तब आप में विषयों का चिंतन नहीं रहना चाहिए।

जो भी दिखते हैं, सुनते हो, मेरे अंदर वाले के वजह से ही मैं अनुभव कर पा रहा हूँ, अगर उनका मौजूदगी जानता  हूँ, लेकिन दर्शन कर नहीं पा रहा हूँ, लेकिन करने का तीव्र तपन होना चाहिए। भगवान को अनुभव में लाने को तीव्र इच्छा होना चाहिए।

आध्यात्मिक जीवन में जो भी कुछ कहे, विचार कर कर आपके बढ़ोतरी में जो काम आएगा उनको आचरण में लाना है। नीरुपियोगी विषयों को छोड़ना है, और उपयोगी विषयों को आचरण में लाना है। तभी आप बढ़ोतरी पाएंगे।

आध्यात्मिक जीवन का मतलब महासागर पार करना है। सागर को पार करना इतना आसान नहीं है, लेकिन जब शुरू किए हैं हर क्षण उसी में रहना चाहिए।  आप सब आनंद के सागर में रहने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं तभी यह सब आदतें आचरण करना चाहिए।

इतना ही नहीं ‘श्वास पर ध्यास’ ध्यान को कठोरता से करते हुए, सात्विक शाकाहार को लेने से, आपका मनस शुद्धता पाती है।

# मनस में परिवर्तन।

